# 12487 - दांतों से निकलने वाला खून रोज़ा नष्ट नहीं करता है

## प्रश्न

क्या जो खून दांतों से निकलता है वह एक त्रुटि है जो रोज़ा तोड़ देता है या नहीं ? और यदि वह स्वयं उसी मनुष्य की तरफ से न हो अर्थात् किसी अन्य व्यक्ति ने उसे गलती से मार दिया हो तो क्या हुक्म है ? हमें इस से अवगत करायें, अल्लाह आप को अच्छा बदला प्रदान करे।

## विस्तृत उत्तर

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह तआला के लिए योग्य है।.

दांतों के बीच से निकलने वाला खून रोज़ा नीं तोड़ता है, चाहे वह अपने आप निकला हो, या किसी व्यक्ति के उसको मारने के कारण निकला हो।

और अल्लाह तआला ही तौफीक़ प्रदान करने वाला (शक्ति का स्रोत) है, तथा अल्लाह तआला हमारे ईश्दूत मुहम्मद, उनकी संतान और साथियों पर दया और शांति अवतरित करे।

इफ्ता और वैज्ञानिक अनुसंधान की स्थयी समिति 10/267.

किंतु रोज़ेदार पर इस खून को निगलना हराम (निषिद्ध) है, यदि उसने जानबूझ कर उसे निगल लिया तो उसका रोज़ा टूट जायेगा।